भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
आर्थिक कार्य विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या **214**
(जिसका उत्तर सोमवार दिनांक 22 जुलाई, 2024/31 आषाढ़, 1946 (शक) को दिया जाना है)

भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति-व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद

214. श्री वरुण चौधरी:

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत का वर्तमान सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति जीडीपी कितनी है तथा विश्व में इसका कौन सा स्थान है; और

(ख) क्या जीडीपी और प्रति व्यक्ति जीडीपी के अनुसार विश्व में भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए कोई लक्ष्य निर्धारित किया गया है, यदि हां, तो इस लक्ष्य को प्राप्त करने की समय सीमा, यदि कोई हो, के साथ तत्संबंधी विवरण क्या है?

उत्तर
वित्त राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा जारी अनंतिम अनुमानों के अनुसार, वर्ष 2023-24 के लिए चालू बाजार मूल्यों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और चालू बाजार मूल्यों पर प्रति व्यक्ति जीडीपी क्रमशः 2,95,35,667 करोड़ रुपये और 2,11,725 रुपये थी। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक (डब्ल्यूईओ) डेटाबेस, अप्रैल 2024 के अनुसार, जीडीपी (अमेरिकी डॉलर में चालू कीमतों पर) के मामले में भारत की रैंक वर्ष 2013-14 में 10वें सबसे बड़े स्थान से बेहतर होकर वर्ष 2023-24 में 5वें सबसे बड़े स्थान पर पहुंच गई है। प्रति व्यक्ति सकल घरेलू उत्पाद (अमेरिकी डॉलर में चालू कीमतों पर) के मामले में भारत की रैंक वर्ष 2013-14 में 158वें स्थान से बेहतर होकर वर्ष 2023-24 में 144वें स्थान पर पहुंच गई।

(ख) सरकार ने जीडीपी या प्रति व्यक्ति जीडीपी में वैश्विक रैंकिंग के लिए कोई वर्षवार लक्ष्य निर्धारित नहीं किए हैं। तथापि, आईएमएफ के डब्ल्यूईओ, अप्रैल 2024 के अनुसार, भारत के वर्ष 2027-28 में लगभग 5.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर के सकल घरेलू उत्पाद के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने का अनुमान है।

***